**कार्यालय प्रभागीय निदेशक, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्रतापगढ़।**

पत्रांक 2797 /15–1 दिनांक,प्रतापगढ़, अप्रैल 07- 2021।

सेवा में,

श्री राकेश कुमार,
अधिशाषी अभियन्ता,उत्तर रेलवे, चारबाग
लखनऊ।

विषयः– उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा जंघई–प्रतापगढ–अमेठी रेलवे ट्रैक दोहरीकरण में जनपद जौनपुर (किमी0 847.170 से 868.000 तक) में प्रभावित 11.5778 हे0 संरक्षित वन भूमि एवं 450 वृक्षों/पौधों के पातन, जनपद–प्रतापगढ में (कि0मी0 868.000 से 924.000 तक) में प्रभावित 29.5555 हे0 संरक्षित वन भूमि एवं 4471 वृक्षों/पौधों (2673 वृक्षों/पौधों एवं प्राकृतिक रुप से उगे 1798 पौधों को मिलाकर कुल 4471 वृक्षों/पौधों) के पातन, तथा जनपद–अमेठी में (किमी0 924.000 से 934.450 तक) प्रभावित 6.1698 हे0 संरक्षित वन भूमि एवं 2816 वृक्षों/पौधों के पातन, अर्थात कुल प्रभावित 47.3031 हे0 संरक्षित वन भूमि की गैर वानिकी प्रयोग एंव बाधक 7737 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भः– भारत सरकार पर्यावरण वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का पत्रांक 8बी/यूपी/07/162/2020/एफसी/ 05 दिनांक 05.04.2021 एंव मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एंव जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–2560/11–सी–FP/UP/RAIL/ 43121/2019 Dated 06-04-2021 ।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें जो आपको भी पृष्ठांकित /सम्बोधित है के कम में अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा निर्गत सैन्द्धान्तिक स्वीकृति में उल्लिखित शर्त सं0–2 एवं 4 के अनुपालन में उत्तर रेलवें प्रयागराज द्वारा जमा की जाने वाली क्षतिपूरक वनीकरण एवं एन0पी0वी0 धनराशि का प्रभागवार संलग्न किये गये प्रमाण–पत्रों के अनुसार निम्न प्रकार वांछित धनराशि कैम्पा नई दिल्ली में शीध्र जमा कराने का कष्ट करें।

**1–क्षतिपूरक वनीकरण हेतु जमा की जाने वाली धनराशि का प्रभागवार विवरणः–**

| क0सं0 | प्रभाग का नाम | क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित प्रभाग/रेंज/क्षेत्र का नाम | क्षतिपूरक वनीकरण हेतु क्षेत्रफल (हे0में) | धनराशि (रू0में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जौनपुर वन प्रभाग | चित्रकूट वन प्रभाग/बरगढ रेंज/कलचिहा वन ब्लाक | 100.00 | 37049900.00 |
| 2 | प्रतापगढ वन प्रभाग | | | |
| 3 | अमेठी वन प्रभाग | | | |
| | **योगः–** | | | **37049900.00** |

**2–नेट एन0पी0वी0(नेट प्रजेन्ट वैल्यू) हेतु जमा की जानी वाली धनराशि :–**

| क0सं0 | प्रभाग का नाम | प्रभावित क्षेत्रफल (हे0में) | दर (प्रति हे0) | धनराशि (रू0में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जौनपुर वन प्रभाग | 11.5778 | 626000.00 | 7247703.00 |
| 2 | प्रतापगढ वन प्रभाग | 29.5555 | 626000.00 | 18501743.00 |
| 3 | अमेठी वन प्रभाग | 6.1698 | 626000.00 | 3862295.00 |
| | **योगः–** | | | **29611741.00** |

कृपया उपरोक्त उल्लिखित वांछित धनराशि ई–पोर्टल के माध्यम से ई–चालान द्वारा कैम्पा नई दिल्ली के पक्ष में जमा कराकर निर्गत आनलाइन ई–रसीद एवं सैद्धान्तिक स्वीकृति में उल्लिखित समस्त शर्तो के सापेक्ष बिन्दुवार अनुपालन आख्या प्रतिहस्ताक्षरित कर पांच प्रतियों में इस कार्यालय एवं दो–दो

CS Scanned with CamScanner

प्रतियों में अमेठी वन प्रभाग एवं जौनपुर वन प्रभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रस्ताव में अग्रिम कार्यवाही शीघ्र सम्भव हो सके। स्मरण रहें कि उपरोक्त प्रकरण में अनावश्यक विलम्ब होनें पर तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति के लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

भवदीय

(वरूण सिंह)
प्रभागीय निदेशक
सा0वा0 वन एवं वन्य जीव प्रभाग
प्रतापगढ़।

पत्रांक /उक्तदिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उपरोक्त विषयक सन्दर्भित–पत्र के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, प्रयागराज वृत्त, प्रयागराज।
2. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सरयू वृत्त, सरयू ।
3. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक वाराणसी वृत्त वाराणसी ।
4. प्रभागीय निदेशक सा0वा0 जौनपुर।
5. प्रभागीय निदेशक सा0वा0 अमेठी।

(वरूण सिंह)
प्रभागीय निदेशक
सा0वा0 वन एवं वन्य जीव प्रभाग
प्रतापगढ़।

Scanned with CamScanner